# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र–1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024

## राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक)

महाविद्यालय इतिहासः

जसिया तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मई, 2013 को राजकीय महाविद्यालय जसिया का शुभारंभ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जसिया में किया गया। महाविद्यालय के नवीन भवन के निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन सांसद श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा तथा श्री कुलदीप नंबरदार की गरिमामय उपस्थिति में अगस्त 2013 को संपन्न हुआ। जुलाई 2018 में राजकीय महाविद्यालय जसिया का भवन बनकर तैयार हुआ तथा महाविद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया से नवीन भवन में स्थानांतरित हो गया । 165 विद्यार्थियों, 5 शिक्षकों तथा 3 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों से शुरू हुआ। हमारा यह महाविद्यालय परिवार आज 603 विद्यार्थियों, 20 शिक्षकों तथा 09 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के एक भरे पूरे परिवार में परिवर्तित होकर दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति कर रहा है।

### भवन निर्माणः

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के पास एक बहुत ही विशाल व सुव्यवस्थित इमारत है। हरियाणा सरकार की देख रेख में महाविद्यालय के तीन तलो के भव्य भवन का निर्माण किया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, कार्यालय, सेमिनार कक्ष के साथ साथ शैक्षणिक कार्य के लिए एक मनोविज्ञान प्रयोगशाला, दो भूगोल प्रयोगशाला, एक कंप्यूटर प्रयोगशाला, एक स्मार्ट कक्ष तथा पर्याप्त शिक्षण कक्ष है। महाविद्यालय में विभिन्न प्रकोष्ठ जैसे प्लेसमेंट सेल, महिला सेल, एन.एस.एस, वाई.आर.सी. आदि के कार्यालय सहित कुल 48 कमरे है।

### महाविद्यालय परिवारः

हमारे महाविद्यालय में 19 नियमित प्राध्यापक एवं एक प्राचार्य है। कामर्स विभाग के डॉ0 रेखा रानी की प्रतिनियुक्ति राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में दिनांक 11.12.2023 को हो गई है। अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. सतेन्द्र की प्रतिनियुक्ति 09.02. 2023 को राजकीय महाविद्यालय रिठौज जिला गुरुग्राम में हो गयी। उनके स्थान पर साक्षी मलिक महिला महाविद्यालय मोखरा (रोहतक) से डॉ. महक की प्रतिनियुक्ति हमारे महाविद्यालय में हो गई। श्री विकास कुमार लिपिक का असिस्टैंट की पदोन्नित उपरांत राजकीय महिला महाविद्यालय गोहना, सोनीपत स्थानांतरण हुआ और श्री संदीप असिस्टैंट ने पं0 नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक स्थानांतरण उपरांत महाविद्यालय में कार्यग्रहण किया। श्री दीपक लिपिक ने राजकीय महाविद्यालय कुलाना झज्जर से स्थानातंरण होकर महाविद्यालय में कार्यग्रहण किया। ग्रुप डी में कार्यरत सुख–सहायक के पद से विभागीय तबादला होने उपरांत विभिन्न विभागों में नियुक्ति की। आउट सोर्स पर एक लैब अटेंडेंट, एक माली और एक स्वीपर है। महाविद्यालय में नॉन टीचिंग स्टाफ में एक उप अधीक्षक, एक सहायक, एक लिपिक, एक स्टेनो टाइपिस्ट, एक जे0एल0ए ,दो एल0ए0 तथा आठ पद ग्रुप डी के लिए स्वीकृत है। जिसमें से केवल उप–अधीक्षक, सहायक, लिपिक, जे.एल.ए. व लैब अटेंडेंट के पद पर नियमित कर्मचारी कार्यरत है। स्टेनो का पद रिक्त है। ग्रुप डी में कोई भी नियमित कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं। सात पद रिक्त हैं। पुस्तकालय विभाग में तीन पद स्वीकृत हैं। जिसमें लाइब्रेरीयन के पद पर श्री सुनील कार्यरत है। रेस्टोरर व कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष का पद रिक्त है।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय:

महाविद्यालय के सत्र 2023–24 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 603 हैं।

जो सकांय अनुसार विवरण इस प्रकार है:–

| संकाय | वर्ष | छात्र | छात्राए | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| बी. ए. | प्रथम वर्ष | 176 | 63 | 239 |
| बी. ए. | द्वितीय वर्ष | 141 | 56 | 197 |
| बी. ए. | तृतीय वर्ष | 85 | 36 | 121 |
| बी.कॉम | प्रथम वर्ष | 13 | 0 | 13 |
| बी.कॉम | द्वितीय वर्ष | 08 | 5 | 13 |
| बी.कॉम | तृतीय वर्ष | 14 | 6 | 20 |

## शैक्षणिक पाठ्यक्रमः

हरियाणा के रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह कॉलेज जसिया और आसपास के क्षेत्रों के 603 से अधिक विद्यार्थियों की आवश्कताओं को पूरा करता है। अत्यधिक समर्पित और अनुभवी शिक्षकगण के कुशल मार्ग दर्शन व नियमित पर्यवेक्षण में यहाँ बी.ए. और बी.कॉम. के दो स्नातक पाठ्यक्रम चल रहे है।

## प्रशासनिक निकाय

### मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, प्रभारीः डॉ. मीनाक्षी दहिया

1. हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि कॉलेज NAAC से B Grade के साथ एक सराहनीय स्कोर लेकर मान्यता प्राप्त कर चुका है। आदरणीय प्राचार्य श्री रणबीर काद्यान के कुशल नेतृत्व में हमारे कॉलेज की NAAC कमेटी ने संस्थागत कामकाज की बेहतरी के लिए संगठित पद्धति का निर्माण किया है।

2. गवर्नमेंट कॉलेज जसिया को महेंद्रगढ़ जिला के 15 कॉलेजो का मेंटर बनाया गया। NAAC कमेटी ने इन 15 कॉलेजों की नेक मूल्यांकन के लिए किए गये कार्यों की रिपोर्ट नेक सेल DHE को भेजी। इन 15 कॉलेजो का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया।

3. नेक कमेटी के द्वारा 2021–22 और 2022– 23 की AQAR सफलतापूर्वक जमा की गई।

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रभारीः श्रीमती मीनू

यूजीसी की विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए कॉलेज में यूजीसी कमेटी का गठन किया गया है।

रूसा, प्रभारी: डॉ जोगिंदर

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान भारत में उच्च शिक्षा के लिए विकास की एक समग्र योजना है जो उच्च शिक्षण संस्थानों को रणनीतिक वित्त पोषण प्रदान करती है।

विश्वविद्यालय मामले समिति: प्रभारी:—डॉ. शिवानी, सहायक प्रोफेसर।

1. दिनांक 16.05.2023 को डॉ. शालिनी (मनोविज्ञान विभाग) एवम् अन्य सदस्यों के संयोजक के अधीन एम.डी.यू द्वारा गठित समिति द्वारा बी.ए प्रथम वर्ष में शारीरिक शिक्षा और गणित को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने और 80 बढी हुई सीटों के लिए अंतिम संबद्धता प्रदान करने के संबध में निरीक्षण किया गया था।

2. दिनांक 11.03.2024 को डा0 दलीप सिंह (गणित विभाग) एवम् अन्य सदस्यों के संयोजक के अधीन एम.डी.यू द्वारा गठित समिति द्वारा बी.ए प्रथम वर्ष में शारीरिक शिक्षा और गणित को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने और 80 बढी हुई सीटों के लिए अंतिम संबद्धता प्रदान करने के संबध में निरीक्षण किया गया था।

पढो और कमाओ, प्रभारी: श्रीमती सुप्रिया धनखड

सत्र 2023 –24 में पढो और कमाओ को रु० 40000/– की ग्रांट प्राप्त हुई।

मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए, कॉलेज ने राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित ' पढो और कमाओ ' योजना लागू की है। यह योजना छात्रों को अपने खर्चों को पूरा करने के लिए सीखते हुए कमाई करने की अनुमति देती है।

वर्ष 2023–24 में 10 छात्र प्राशसनिक कार्यालय ,पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और कंप्यूटर लैब आदि में काम करने के लिए लगे हुए हैं।

छात्रवृत्तियां, प्रभारी: श्री कुलदीप

यह प्रकोष्ठ सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मेधावी जरूरतमंद छात्र–छांत्राओं आदि के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करने का कार्य निष्पादित करती है।

## पुस्तकालय, प्रभारीः डॉ. सतीश कुमार

पुस्तकालय में एक समय में 70 उपयोगकर्ताओं के बैठने की क्षमता वाला एक वातानुकूलित पुस्तकालय है। यह पूरी तरह से स्वचालित है और इसमें इंटरनेट और प्रिंटर की सुविधा के साथ 4 कंप्यूटर हैं। पुस्तकालय 3418 पुस्तकों का भंडार है, जिसमें 1549 पाठ्य पुस्तकें, 1764 समान्य पुस्तकें जिनमें प्रतिस्पर्धी पुस्तकें तथा 105 संदर्भ पुस्तकें शामिल हैं। छात्रों के साथ–साथ शिक्षकों के लिए एक अंग्रेजी समाचार पत्र और पत्रिकाओं सहित तीन दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध हैं। पुस्तकालय सभी कार्य दिवसों में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए खुला रहता है।

## मेंटर–मेंटी, प्रभारीः डॉ. प्रीति

छात्रों और शिक्षकों के बीच के बंधन को और मजबूत करने के लिए कॉलेज द्वारा मेंटर–मेंटी परंपरा को अपनाया गया है। महाविद्यालय के सभी विधार्थियों को 35 छात्रों के छोटे–छोटे समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह को एक संरक्षक शिक्षक आवंटित किया जाता है जो कॉलेज में रहने के दौरान और उसके बाद भी उन छात्रों के कार्यवाहक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। इस परंपरा के तहत नियमित ट्यूटोरियल बैठकें आयोजित की जाती हैं, जहां छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा संस्थान से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे परिसर में अनुशासन और स्वच्छता के महत्व, नियमित उपस्थिति की आवश्यकता, परीक्षा पैटर्न, पुस्तकालय का उपयोग आदि के बारे में निर्देशित किया जाता है। जीवन में चरित्र और व्यक्तित्व के महत्व के बारे में जागरूक किया। समय समय पर शिक्षकों द्वारा समाज के प्रति छात्रों के दायित्व पर प्रकाश डाला जाता है।

## अनुशासन और आंतरिक शिकायत समिति प्रभारीः डॉ. मीनाक्षी कादयान

छात्रों में अनुशासन की आदत डालने पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि वे न केवल अपनी प्रगति के लिए काम करें बल्कि अच्छे नागरिक भी बनें और देश को आगे बढ़ाएं। इस उद्देश्य के लिए एक अनुशासन समिति और एंटी रैगिंग सेल का गठन किया गया है जिसे परिसर में अनुशासन बनाए रखने और छात्रों को परिसर को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रखने के लिए मार्गदर्शन करने का कार्य सौंपा गया है।

परिसर में छेड़खानी और यौन उत्पीड़न के खिलाफ छात्राओं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति और यौन उत्पीड़न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

खेल गतिविधियां, प्रभारी: डॉ. मीनाक्षी कादयान

1. 29.08.23 को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इंट्रा क्लास बैडमिंटन एवं फनी रेस का आयोजन किया गया।

2. 10.10.2023 को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री रेस में भाग लिया। हमारे कॉलेज की खिलाड़ी तमन्ना कक्षा बी.ए. द्वितीय रोल नंबर 122132100161 को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चुना गया।

3. दिनांक 30.10.2023 को खेल परिसर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कुश्ती महिला चौंपियनशिप में भाग लिया।

4. दिनांक 14.11.2023 को खेल परिसर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित कुश्ती पुरुष चौंपियनशिप में भाग लिया।

5. हमारे कॉलेज की एथलेटिक टीम ने खेल परिसर में 10.12.2023–12.12.2023 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक टूर्नामेंट में भाग लिया।

6. कॉलेज खो–खो टीम ने 12.01.2024 को सैनी कॉलेज रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में भाग लिया। हमारे कॉलेज की टीम को दूसरा स्थान मिला और चार छात्रों को नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चुना गया।

7. दिनांक 15.01.2024–17.01.2024 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कराटे में भाग लिया। विकास ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलों के लिए चुना गया।

8. दिनांक 17.02.2024 को महाविद्यालय की 11 वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने बड चढ़ कर भाग लिया गया। तमन्ना को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और परीक्षित को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रभारी: डॉ. जोगिन्द्र

1. राजकीय महाविद्यालय जरिया में NSS के तहत दिनांक 09.08.2023 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ।

2. दिनांक 09.08.2023 से 30.08.2023 तक "मेरी माटी मेरा देश" कैंपेन चलाया गया।

3. महाविद्यालय में 15.08.2023 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

4. महाविद्यालय में NSS के तहत दिनांक 05.09.2023 को पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया ।

5. दिनांक 01.10.2023 को स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया गया ।

6. दिनांक 20.10.2023 को NSS के तहत "अमृत कलश यात्रा" का आयोजन किया गया ।

7. दिनांक 05.02.2023 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ।

8. दिनांक 18.03.2024 से 24.03.2024 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ, प्रभारी: डॉ0 सुशीला कुमारी

दिव्यांगजन के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ के प्रभारी के रूप में दिव्यांगजन छात्रों को विशेष सुविधाएं और विशेष देखभाल प्रदान की जाती है। छात्रों को ई–लर्निंग पोर्टल तक पहुंचने में मदद की जाती है।

आयकर जांच प्रकोष्ठ, प्रभारी: डॉ0 शिवानी

आयकर जांच समिति प्रभारी के रूप में कार्यालय के तहत सभी उत्तरदायी कर्मचारियों का आयकर समय पर सत्यापन किया गया। जिसकी सूचना आवश्यक कार्यवाही (यदि कोई हो) के लिए कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, IQAC प्रभारी: डॉ0 बबीता

1. IQAC /NAAC द्वारा महाविद्यालय की सत्र 2021–2022 और 2022–2023 की AQAR पूर्ण की गई ।
2. फ्रेशर छात्रों के लिए ओरिएंटशन/इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 10 अगस्त, 2023 को किया गया है।

3. IQAC 2022–23 की वार्षिक रिपोर्ट तैयार की गई और कॉलेज के वेबपोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी गतिविधियों का संभावित कार्यक्रम तैयार कर कॉलेज के वेबपोर्टल के साथ–साथ नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया।
4. सत्र 2023–24 के लिए दोनों सेमेस्टर का शैक्षणिक कैलेंडर नोटिस बोर्ड के साथ–साथ कॉलेज के वेबपोर्टल पर भी प्रदर्शित किया गया है।
5. सभी विभागाध्यक्षों को सूचित किया गया कि वे सत्र 2023–24 के प्रत्येक सेमेस्टर की पाठ योजनाओं को संबंधित नोटिस बोर्ड के साथ–साथ कॉलेज के वेबपोर्टल पर भी प्रदर्शित करें।
6. सभी समिति/प्रकोष्ठ प्रभारियों को सूचित किया गया कि सभी घोषित गतिविधियों को समय–सारणी के अनुसार आयोजित करें।
7. सभी स्टाफ सदस्यों को सूचित किया गया कि वे प्रत्येक दस्तावेज की हार्ड कॉपी फॉर्म (यदि आवश्यक हो) के साथ–साथ संबंधित आवंटित ईमेल आईडी की ड्राइव पर फोल्डर में प्रबंधित करें।
8. सभी स्टाफ सदस्यों को आईसीटी उपकरणों का उपयोग करने के लिए सूचित किया गया।
9. उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण के कारण विद्यार्थियों में डीजिटल स्कील्स को बढावा देने के लए IQAC/ वाणिज्य विभाग द्वारा 7 दिवसीय ICT कार्यशाला का आयोजन 24.04.2023 से 29.04.2023 को किया गया।
10. सत्र 2022–23 के लिए सभी स्टाफ सदस्यों के वार्षिक निष्पादन सूचकों(API) का सत्यापन किया गया और रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत की गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभारीः डॉ0 मीनाक्षी दहिया

सत्र 2023 –24 में सास्ंकृतिक कमेटी को रु० 30000/– की ग्रांट प्राप्त हुई।

1. 22/09 /2023 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का कॉलेज प्रांगण में सफल आयोजन किया गया।
2. 29/10/2023 से 31/10/2023 तक बच्चों ने जोनल यूथ फेस्टिवल में भाग लिया।
3. 2/02/2024 से 3/02/2024 तक कॉलेज प्रांगण में दो दिवसीय हुनर सांस्कृतिक समारोह का सफल आयोजन किया गया।

4. दिनांक 06/03/2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रंग महोत्सव के तहत छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

## रेड रिबन कल्ब, यूथ रेड क्रास, मेडिकल व हेल्थ, प्रभारीः कविता

1. वाईआरसी व आरआरसी के अंतर्गत 12 अगस्त से 20 अगस्त 2023 तक इंटरनेशनल यूथ डे का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

2. 30 सितंबर 2023 को वाईआरसी वालंटियर्स ने एमडीयू रोहतक में ब्लड डोनेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

3. 12 जनवरी से 26 जनवरी 2024 तक विश्व एड्स पखवाड़ा में सिग्नेचर कैंपेन , पोट पेंटिंग, 1097 टोल फ्री नंबर एचआईवी एड्स के प्रति जागृति आदि गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। बच्चों को रिफ्रेशमेंट, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिए गए।

4. 30 सितंबर 2023 को नेशनल वॉलंटरी ब्लड डोनेशन दिवस के अवसर पर एमडीयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर राजवीर सिंह ने प्राचार्य डॉ0 रणबीर कादयान को सर्टिफिकेट व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

5. 13.10.2023 को सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लिखित परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

## प्लेसमेंट सेल वार्षिक गतिविधियां, प्रभारीः श्रीमती सीमा

प्लेसमेंट सेल राजकीय महाविद्यालय जसिया को विभाग की तरफ से 16000 रुपए (87–ओनरेरियम )तथा 10000 रुपए (24-M&S) की ग्रांट प्राप्त हुई।

1. प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक तथा महत्वपूर्ण 16 प्रतियोगी पुस्तकें (24-M&S) ग्रांट से मंगवाई गई।

2. 16.10.2023 से 27.10.2023 तक प्लेसमेंट सेल ने "सिलाई व कढ़ाईः आत्मनिर्भरता का एक मार्ग" प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 87– ऑनरेरियम ग्रांट के तहत किया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित व अनुभवी प्रशिक्षकों से सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

## करियर काउंसलिंग सेल वार्षिक गतिविधियाँ, प्रभारीः डॉ.कुलदीप

करियर काउंसलिंग सैल महाविद्यालय के छात्रों को उनके करियर से संबधित परामर्श प्रदान करता है।

## महिला प्रकोष्ठ, प्रभारीः डॉ0 प्रीति

सत्र 2023 –24 में महिला प्रकोष्ठ को पत्र क्रमांक न० DHE& 170005/1/2023 npe (2), के तहत दिनांक 20.10.2023 को रु० 30000/– की ग्रांट प्राप्त हुई।

1. दिनांक 17. 11. 2023 को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया –

– पोस्टर मेकिंग

– निबंध लेखन

– डिक्लेमेशन

2. जनवरी माह में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा गूगल फॉर्म का प्रयोग करते हुए छात्राओं का स्वास्थ्य सर्वे किया गया।

3. दिनांक 25 जनवरी 2024 से लेकर 2 फरवरी 2024 तक महिला प्रकोष्ठ के द्वारा सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

4. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के द्वारा काव्य पाठ और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसका विषय महिला सशक्तिकरण रहा।

## लीगल लिटरेसी सेल

1 . दिनांक 1 से 8 सितंबर 2023 तक लिटरेसी सप्ताह के अवसर पर निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन लीगल लिटरेसी सेल के द्वारा किया गया

वाद विवाद

स्लोगन राइटिंग

पोस्टर मेकिंग

जागरूकता रैली

2. लीगल लिटरेरी सेल के अंतर्गत 28 फरवरी 2024 को एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया

योग क्लब

1. योग क्लब के तहत दिनांक 29/01/2024 को कॉलेज प्रांगण में स्वस्थ जीवन शैली पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया जिसमें विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन जीने के आसान व प्रभावी तरीके बताए गए।

2. योग क्लब के द्वारा सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दौरान (18/03/2024 से 24/03/2024) विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया।

आउटरीच कार्यकम प्रभारीः डॉ0 मीनू रानी

आउटरीच कार्यक्रम ने 25 नवंबर, 2023 को 'जरूरतमंद लोगों के बीच पुराने कपड़ों का संग्रह और वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया। स्टाफ सदस्यों और छात्रों के योगदान से कॉलेज परिसर में पुराने कपड़े एकत्र किए गए और लोहान भट्ठा में काम करने वाले मजदूरों को वितरित किए गए। धूम्रपान विरोधी दिवस' 13/03/2024 को आउटरीच समिति ने 'धूम्रपान मुक्त पर्यावरण और स्वस्थ जीवन शैली' विषय पर पोस्टर मेकिंग और जागरूकता रैली का आयोजन किया।'। विद्यार्थियों ने धूम्रपान के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर पोस्टर बनाए। फिर विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान शुरू किया जो दोपहर 1 बजे कॉलेज परिसर से शुरू होकर गांव जसिया से होकर गुजरा। विद्यार्थियों ने बैनर और पोस्टर लिए हुए थे और गांव जसिया के लोगों को पोस्टर और नारों के माध्यम से धूम्रपान के स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूक किया। जागरूकता रैली ने लोगों को

स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और धूम्रपान की लत से लड़ने के बारे में जागरूक किया।

## विभागीय गतिविधियाँ

### हिंदी विभागः

1. 14 सितंबर, 2023 को हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में कविता लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

2. 10 जनवरी, 2024 को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष में 11 जनवरी को महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

3. 21 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया।

### अंग्रेजी विभागः

1. अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापको डॉ.सतीश, डॉ.मीनाक्षी दहिया, डॉ.प्रिती के संयोजन में अंग्रेजी विभाग वर्ष भर सक्रिय रहा। इसके तहत B.A के विद्यार्थियों को अंग्रेजी ग्रामर से संबधित विषयों का अभ्यास करवाया गया।
2. अंग्रेजी शब्दों के सही उच्चारण का अभ्यास करवाया।
3. दिनांक 4/03/2024 को कालेज प्रांगण मे अंग्रेजी विभाग द्वारा वाद –विवाद, डिक्लेमेशन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### भूगोल विभागः

1. 5 सितम्बर 2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय Drug Abuse Environment Conservation and Plastic Free Haryana था।

2. 18 सितंबर 2023 को एक जिसका विषय importance of geography in competitive exams, विषय पर डॉक्टर सोमवीर Assistant Professor पद Geography, राजकीय महाविद्यालय दुबलधन द्वारा विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

## मनोविज्ञान विभाग

राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक) के मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत मनोविज्ञान कल्याण कक्ष द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में छात्रों और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर बनाने और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## वाणिज्य विभाग:

1) 05 सितम्बर 2023 को शिक्षक दिवस मनाया गया तथा इस अवसर पर 4/09/2023 को कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता तथा 05/09/2023 को कवि पाठ का आयोजन किया गया।

2) दिनांक 21/02/2024 को "पर्यावरण स्थिरता" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

3) नवाचार के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए छात्रों को जागरूक करने के लिए "स्टार्ट अप इंडिया पहल" पर विस्तार व्याख्यान 04/03/2024 को आयोजित किया गया था।

4) 07/03/2024 को "महिला सशक्तिकरण" पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

5) छात्रों को अपने डिजिटल कौशल को बढ़ाने के लिए 24/04/2023 से 29/04/2023 तक 7 दिवसीय आईसीटी कार्यशाला।

6) 11/05/2023 को हंसी दिवस समारोह में विभिन्न गतिविधियों जैसे टंग ट्विस्टर और चुटकुले सुनाना आदि का आयोजन किया गया।

7) 12/05/2023 को मातृ दिवस समारोह का उद्देश्य छात्रों को अपने माता–पिता को गौरवान्वित करने के लिए नैतिक तरीकों का सहारा लेने के लिए प्रेरित करना है।

8) दिनांक 04/05/2023 को लड़कियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग :

1. लेखन कौशल में सुधार के लिए विभाग ने वर्तमान आर्थिक स्थिति के विभिन्न विषयों पर कक्षा स्तरीय निबंध लेखन परीक्षण आयोजित किया जाता है।

2. 12 अक्टूबर 2023 को मुद्रास्फीति और विमुद्रीकरण पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया।

3. 12 जनवरी 2024 को न्यूनतम समर्थन मूल्य विषय पर कक्षा स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

1. डॉ. रणबीर कादयान, प्राचार्यः

1. 08.11.2023 को राजकीय महाविद्यालय दुबलधन में एथलीट के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये।

2. 22.12.2023 को गणित दिवस के अवसर पर जगन्नाथ विश्वविद्यालय बहादुरगढ में विस्तृत व्याख्यान दिया।

2. डॉ. राजकुमार सिवाच, सह–सहायक, प्राध्यापक, राजनीतिक विज्ञान

1. 6 मई 2023 को प0 नेकी राम शर्मा महाविद्यालय में एक दिवसीय वर्कशाप में भाग लिया।

2. 12–20 जून 2023 को इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय पी0डी0पी नेश्नल ऐजुकेशन पॉलिसी 2020 पर आनलॉइन कार्यक्रम में भाग लिया।

3. 10 जनवरी 2024 को हरियाणा में महिलाओं की स्थिति पर विकासात्मक प्रकियाओं का प्रभाव विषय पर नेश्नल सेमिनार में पेपर प्रस्तुत किया।

3. डॉ. मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षाः

1. आईएसएसएनः2279–0489 अगस्त, –जनवरी 2023–2024 "GENIUS' अंतरराष्ट्रीय बहु–विषयक, सहकर्मी–समीक्षा और यूजीसी सूचीबद्ध सामान्य में एक शोध पत्र प्रकाशित किया जिसका नाम "खेलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता" है।

2. अंतर्राष्ट्रीय बहु–विषयक सहकर्मी–समीक्षा और यूजीसी सूचीबद्ध सामान्य "आदर्श" में आईएसएसएनः2319-359X सितंबर –फरवरी, 2023 –2024 "भारत में कल्याण और कीटाणुशोधन की प्रगति के लिए खेल और खेलों की प्रतिबद्धता" पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया गया।

3. दिनांक 29.11.23–30.11.23 तक भगत फूलसिंह विश्वविद्यालय खानपुर कलां द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

4. 15.01.2024–24.01.2024 को मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम 2" विषय पर आठ दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लिया।

4. डॉ. सतीश कुमार, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजीः

1. 22.11.2023 से 5.12.2023 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

5.डॉ. मीनाक्षी, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी :

1. दिनांक 6/05/2023 को नेकीराम कॉलेज रोहतक द्वारा नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

2. दिनांक 24/11/2023 को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज चरखी दादरी में पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्किल्स पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

3. दिनांक 29/11/2023& 30/11/2023 को भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया

4. 12/01/2024 से 13/01/2024 तक हरियाणा कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनर की दो दिवसीय ट्रेनिंग प्राप्त की।

5. 15/01/2024 से 24/01/2024 तक मालवीय मिशन द्वारा आयोजित एन. ई .पी कार्यशाला में भाग लिया।

6. 06/02/2024 से 19/02/2024 तक भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

7. 2023-2024 में संपादित पुस्तक में दो अध्याय प्रकाशित करवाए।

8. 07/03/2024 से 09/03/2024 तक भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

6. डॉ. शिवानी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभागः

1. दिनांक 13/09/2023 को हिंदी विभाग, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा पारंपरिक भारतीय व्यापार और वाणिज्य विषय पर आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. 10/01/2024 को ग्रामीण विकासः तरीके और साधन विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में "भारत में सतत कृषि विकास के मुद्दे और चुनौतियाँ" विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. दिनांक 06/05/2023 को नेकी राम कॉलेज, रोहतक द्वारा नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

7. सुप्रिया धनखड़, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभागः

1. दिनांक 13/09/2023 को हिंदी विभाग, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा पारंपरिक, भारतीय व्यापार और वाणिज्य, विषय पर आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. 10/01/2024 को ग्रामीण विकासः तरीके और साधन विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में "भारत में सतत कृषि विकास के मुद्दे और चुनौतियाँ" विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

3. दिनांक 06/05/2023 को नेकी राम कॉलेज, रोहतक द्वारा नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

8. ऋचा, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग:

1. 29 नवम्बर 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अतंर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पेपर प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक ''जेन्डर सेन्सिटिव टूवर्ड मिसटिकल पेटेंट कंटेंमेन्ट और सर्विस क्वालिटी'' था।

2. 29 सितंबर, 2023 को पंडित जवहारलाल नेहरु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फरीदाबाद द्वारा आयोजित अतंर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'इको फ्रेंडली कृषि सिस्टम इन इंडिया' विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

3. 8 अक्टबूर से 9 अक्टूबर 2023 तक सोशल साईन्स और प्रबंधन वेल्फेयर एसोसिएशन वुमैन सैल और रेडियन्ट ग्रुप ऑफ इस्टीटयूट जबलपुर (मध्यप्रदेश) दवारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल सेमिनार मे पेपर प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक 6 फेमिनिनिटी इन विज्ञापन मीडिया'' था।

4. 18 नवम्बर, 2023 को सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल द्वारा आयोजित वन डे मल्टीडिसिप्लिनरी राष्ट्रीय सेमिनार मे पेपर प्रस्तुत किया।

5. 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक गर्वमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स मोखरा रोहतक द्वारा आयोजित दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में शोध प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक रुरल मार्केटिग मिक्स हैं।

6 इंन्टरनेशनल जर्नल ऑफ सोशल सांईस और प्रबन्धक स्टडीज में पेपर प्रकाशित हुआ जिसका शीर्षक ''जेंडर सेंसिटाइजेशन एडवरटाइजिस मीडिया जो कि 8–9 अक्टूबर 2023 मे प्रकाशित हुआ था।

7 13 सितंबर 2023 को बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी द्वारा एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय सेमीनार में पत्र प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक ''इम्पेक्ट ऑफ सोसियल सिस्टम इन कामर्स है।

9. डॉ0 बबीता, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग:

1. दिनांक 06/05/2023 को नेकीराम कॉलेज रोहतक द्वारा नई शिक्षा नीति विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
2. दिनांक 29/11/2023& 30/11/2023 नवंबर 2023 को भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

3. 15/01/24 से 24/01/24 तक मालवीय मिशन द्वारा आयोजित एन. ई .पी कार्यशाला में भाग लिया।

3. दिनांक 22/02/2024 एवं 23/02/2024 को राजकीय महाविद्यालय कालका के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
4. 5 जून, 2023 में JBMCR vol. 10, में शोधपत्र प्रकाशित कराया ।
5. 6 अगस्त, 2023 में IJMSS vol- 11 में शोधपत्र प्रकाशित कराया।
6. विपिन पब्लिकेशन की corporate social responsiblites किताब में (corporate social responsiblites in ancient seriptures) में chapter पब्लिश करवाया।

10. डॉ. संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभागः

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के केन्द्रीय विकलांग अध्ययन केंद्र द्वारा 23 सितम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'विकलांग व्यक्तियों के लिए व्यवस्थित असमानताओं को दूर करनाः एक अंतःविषयी सामाजिक–आर्थिक दृष्टिकोण' शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- 30 सितंबर, 2023 को विवेकानंद पुस्तकालय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित 'वैज्ञानिक प्रकाशन की बारीकियों' पर एक दिवसीय लेखक कार्यशाला में भाग लिया।

11. डा0 महक, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्रः

1. भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा 29 नवंबर 2023 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और पेपर प्रस्तुत किया।
2. 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, मोखरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और पेपर प्रस्तुत किया।
3. पुस्तकालय समिति, महिला महाविद्यालय झोझू कलां, चरखी दादरी द्वारा आयोजित 8 और 9 दिसंबर 2023 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और पेपर प्रस्तुत किया।
4. भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा 05 फरवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के शिक्षक प्रशिक्षण

कार्यक्रम मालवीय मिशन के तहत ऑनलाइन एनईपी 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

12. श्री कुलदीप, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग:

1. 12–20,जून 2023 को IGNOU द्वारा आयोजित लघु व्यावसायिक विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।

2. दिनांक 24 जुलाई 2023 को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

3. दिनांक 29 सितंबर,2023 को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

4. दिनांक 23–30 दिसंबर तक केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित तिगड़ाना पुरास्थल के उत्खनन शिविर में स्नातक तृतीय वर्ष के छात्रों सहित भाग लिया।

5. दिनांक 5,6 मार्च,2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संस्कृत, पाली एवम प्राकृत विभाग द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

13. कविता, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग:

1. यूजीसी केयर लिस्ट में शामिल पत्रिका 'शोध दिशा' के अप्रैल –जून 2023 के अंक में "21वीं सदी के प्रथम दशक की कहानियों में स्त्री के विविध रूप" शीर्षक से शोध पत्र प्रकाशित करवाया।

2. 'इंडियन जर्नल ऑफ सोशल कंसर्न' अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में '21वीं सदी के प्रथम दशक की कहानियों में पर्यावरण परिदृश्य' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित करवाया।

3. 10 जनवरी 2024 को 'हिंदी साहित्य में ग्रामीण जीवन एवं विकास की अवधारणा 'विषय पर साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय मोखरा रोहतक में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

4. 5–6 मार्च 2024 को महर्षि दयांनद 'विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'महर्षि दयांनद और हिन्दी विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

14. डॉ जोगिंदर, सहायक प्राध्यापक, भूगोल:

1. रिफ्रेशर कोर्स 17 से 30 नवम्बर 2023 भारतीय सदन विश्वविद्यालय तिरुचुरापल्ली , तमिलनाडु में किया।

2. साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय, गोखरा में जलवायु परिवर्तन एवम प्रबंधन पर दिनांक 25.01.2024 को विस्तृत व्याख्यान दिया ।

3. साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय गोखरा में दिनांक 10.01.2024 को ग्रामीण विकास पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया ।

4. राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में दिनांक 20.01.2024 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया ।

5. दयाल सिंह कॉलेज करनाल में दिनांक 09.02.2024 व 10.02.2024 को राष्ट्रीय संगोष्ठी एवम सेमिनार में भाग लिया तथा व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

6. पंडित जवाहर लाल नेहरु उच्चतर महाविद्यालय फरीदाबाद में दिनांक 29.09.2023 को वैश्वीकरण और 21वीं सदी का नया भारत विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## 15. श्रीमती सीमा, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभागः

1. यूजीसी केयर लिस्ट में शामिल पत्रिका 'शोध दिशा' के अप्रैल –जून 2023 के अंक में ''डॉ० मुक्ता के कहानी संग्रह 'खामोशियों का सफर' में चित्रित नारी संघर्ष'' शीर्षक से शोध पत्र प्रकाशित करवाया।

2. 10 जनवरी ,2024 को ''हिंदी साहित्य में ग्रामीण जीवन एवं विकास की अवधारणा'' विषय पर साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय गोखरा, रोहतक में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. 5–6 मार्च 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में ' महर्षि दयानंद और हिन्दी' विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

## 16. डॉ प्रीति, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभागः

1. 16 जून से 30 जून 2023 तक गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

2. दिनांक 29 सितंबर 2023 को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद द्वारा आयोजित सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. 7 अक्टूबर 2023 को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

4. दिनांक 29 नवंबर 2023 को भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5. 20 जनवरी 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के द्वारा आयोजित सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

6. 5 फरवरी से 14 फरवरी,2024 तक मालवीय मिशन द्वारा आयोजित एन. ई .पी कार्यशाला में भाग लिया।

## 17. श्रीमती प्रीति, सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभागः

1. 20 जनवरी, 2024 को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज फॉर वुमेन, रोहतक में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'भारत में शहरी नीतियों और कार्यक्रमों का विश्लेषण' विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

2. दिनांक 06.02.2024 से 19.02.2024 तक भगत फूल सिंह महाविद्यालय, खानपुर कलां द्वारा सतत पर्यावरण और आपदा प्रबंधन विषय पर आयोजित दो सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

## 28. श्रीमती अर्चना सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभागः

1. 8–9 दिसंबर, 2023 को महिला महाविद्यालय झोझू कला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया।

2. 10 जनवरी 2024 को साक्षी मलिक गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स मोखरा में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मे भाग लिया।

3. भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत ,हरियाणा द्वारा 5 फरवरी, 2024 से 14 फरवरी, 2024 तक आयोजित 'NEP& 2020 ओरियंटेशन एंड सेंसटाइजेशन प्रोग्राम' में भाग लिया।

4. गवर्नमेंट पी. जी. कॉलेज फॉर वूमेन, रोहतक ,हरियाणा द्वारा 20 जनवरी, 2024 को आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में" इंटर लिंकेज बिटवीन एनवायरनमेंट एंड पॉपुलेशन" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

19. डा0 मीनू रानी, सहायक प्राध्यापक, भूगोल

1. जामिया मिलिया इस्लामिया द्वारा आयोजित 'भूगोल और पर्यावरण अध्ययन' विषय पर दो सप्ताह (26.10.2023 से 08.11.2023) के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

2. 10 जनवरी 2024 को 'गुड़गांव–झज्जर रिलायंस एसईजेड की विफलता का विश्लेषण और हरियाणा में विशेष आर्थिक क्षेत्रों के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान' विषय पर साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा रोहतक में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. 20 जनवरी, 2024 को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज फॉर वुमेन, रोहतक में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'भारत में शहरी नीतियों और कार्यक्रमों का विश्लेषण' विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

4. दयाल सिंह कॉलेज करनाल (09–10 फरवरी 2024) द्वारा आयोजित सतत भविष्य के लिए पर्यावरण और संसाधन प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन और पंजाब भूगोलवेत्ताओं की 23वीं एसोसिएशन की बैठक में 'हरियाणा के कलानौर शहर के शहरी गरीबों के लिए स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच–मुद्दे, चुनौतियां और आगे की राह' विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

5. 22–23 फरवरी, 2024 को शारीरिक शिक्षा विभाग, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सेक्टर 1, पंचकुला 2024 द्वारा आयोजित 'जलवायु परिवर्तन और सतत विकास में अनुसंधान के रुझान पर एक ग्रंथ सूची अध्ययन' विषय पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

शोक संदेश

महाविद्यालय में कार्यरत डा0 सुशीला कुमारी हुड्डा, असि0 प्रो0 गणित विभाग का 26.02.2024 को देहावसान हो गया।

## महाविद्यालय की आवश्यकताएँ:

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वाभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकताए है: जो निम्न प्रकार है:–

1. महाविद्यालय में बिजली व् पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं की कमी है।
2. विज्ञान की शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। अतः हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आस पास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सके।
3. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में खेल के मैदान की आवश्यकता है।
4. बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए विभिन्न व्यावसायिक कोर्स आरम्भ करना महाविद्यालय की मुख्य आवश्यकता है।
5. महाविद्यालय में पार्किंग की सुविधा की आवश्यकता है।
6. महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए रास्ते के नवनिर्माण की आवश्यकता है।

अंत में निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि राजकीय महाविद्यालय जसिया प्राचार्य डॉ० रणबीर काद्यान जी के कुशल मार्गदर्शन में दिनों दिन प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय की प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण और गैर शिक्षण ) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

## आभार ज्ञापन

मैं आयुक्त एवं सचिव, शिक्षा विभाग (हरियाणा सरकार), निदेशक उच्चतर शिक्षा पंचकुला, हरियाणा, उपायुक्त रोहतक एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, गांव जसिया एवं समीपवर्ती गांवों के पंच–सरपंचों व गांववासियों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस महाविद्यालय के विकास, प्रगति एवं कार्य संचालन में सहयोग दिया। महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृन्द तथा अन्य सभी कर्मचारियों ने अपने कर्त्तव्यों को निष्ठापूर्वक पूरा किया है। इस समारोह के अवसर पर मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने अनुशासित रहकर शिक्षा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा–क्षेत्र की गतिविधियों में प्रशंसनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। वे सभी बधाई के पात्र हैं। मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों को विशिष्ट रूप से शुभकामनाएं देता हूँ कि आने वाली परीक्षाओं तथा जीवन में सफलता प्राप्त करें। इस वार्षिक–प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए सुश्री कविता, श्रीमती सीमा, डॉ. मीनाक्षी दहिया का भी हार्दिक धन्यवाद करता हूँ।

मैं उन सभी का एक बार पुनः धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

धन्यवाद !

प्रस्तुतकर्ताः–

Ranbir Singh

डॉ रणबीर सिंह कादयान,
एच.ई.एस–1
प्राचार्य,राजकीय
महाविद्यालय जसिया
(रोहतक)।

Kavita
प्रभारी,
वार्षिक प्रतिवेदन

सदस्य

Mrs. Seema
Seema

DR. Meenakshi